**नगर निगम, शाहजहाँपुर।**
**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक 31.07.2020**

- **पीएम स्वानिधि योजनान्तर्गत शीघ्र ऋण स्वीकृत करने हेतु बैंकर्स के साथ की गई बैठक। सर्वे कराकर छूटे हयु पथ विक्रेताओ के लिये चलाया गया अभियान।**
- **नोवेल कोरोना वायरस–19 तथा जे0ई0/ए0ई0एस एवं अन्य वैक्टरजनित रोगो की रोकथाम,प्रभावी नियंत्रण विशेष अभियान चलाया अभियान रहा है। आज दिनांक 31.7.2020 को नगर निगम के क्षेत्रान्तर्गत चला विशेष सफाई अभियान। कन्टेनमेन्ट जोन में वेरीकेटिंग लगाने के साथ–साथ साफ–सफाई एवं कूड़े निस्तारण का चलाया जा रहा विशेष सफाई अभियान।**

1. पीएम स्वानिधि योजनान्तर्गत शीघ्र ऋण स्वीकृत करने हेतु की बैंकर्स के साथ बैठक की गई । जिसमें समस्त बैंकर्स को योजना सम्बन्धित प्रमुख बिन्दुओ से अवगत कराया गया एवं अधिक से अधिक ऋण को स्वीकृत करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में उधमी मित्र पोर्टल के माध्यम से पीएम स्वानिधि के ऋण आवेदनो को अधिक से अधिक स्वीकृत करना है। इस विषय पर बैंकर्स को अवगत कराया गया। इसके साथ अभी तक–717 आनलाईन आवेदन प्राप्त हुये है। जिसमें बैंक आफ बड़ौदा के आवेदन –216 भारतीय स्टेट बैंक के ऋण आवेदन–144, बैंक बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के ऋण आवेदन–89, इंडियन बैंक (इलाहाबाद बैंक) के ऋण आवेदन–51 एवं पंजाब नेशनल बैंक के ऋण आवेदन–24 प्रमुख बैंक को भेजे गये। इसके अतिरिक्त छूट हुये पथ विक्रेताओ को चयनित करने हेतु नगर निगम के राजस्व विभाग की जोनवार टीम बनाकर अभियान चलाया जा रहा है। सहायक नगर आयुक्त महोदय ने सभी राजस्व निरीक्षको को निर्देशित किया कि वह अपने–अपने क्षेत्रों में सर्वे के दौरान कोई भी पथ विक्रेता छूटने न पाये। बैठक में सहायक नगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे, परियोजना अधिकारी श्री अतुल पाठक,शहर मिशन प्रबन्धक श्री प्रभाकर मिश्रा, ए0एल0डी0एम0 श्री विवेक यादव, भारतीय स्टेट बैंक से श्री द्वारिका प्रसाद,इंडियन बैंक (इलाहाबाद बैंक) से श्री विनय कुमार पाण्डेय बैंक बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक से श्री गिरजेश शंकर उपस्थित रहे।

2. नोवेल कोरोना वायरस–19 तथा जे0ई0/ए0ई0एस एवं अन्य वैक्टरजनित रोगो की रोकथाम,प्रभावी नियंत्रण का अभियान आज दिनांक 31.7.2020 को नगर के विभिन्न वार्डो में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा सभी नोडल अधिकारियो/कर्मचारी को निर्देशित किया गया कि अपने आवंटित वार्ड की सफाई कार्य में अपनी सुरक्षा हेतु हाथ धोने,सेनेटाइजेंशन और 02 गज दूरी बनाये रखने हेतु लोगो को जागरूक करते रहे। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियो को वार्डवार पर्यवेक्षण का दायित्व दिया गया है,जिनके द्वारा सुबह से ही सफाई कर्मचारियो के साथ अपने आवंटित मोहल्लो की सफाई करायी गयी। इसके अतिरिक्त सेनेटाईजेशन एवं फागिंग का कार्य कचहरी कलेक्ट्रेट,जज साहब का बंगला, रामनगर, दिलाजाक, मोहम्मदजई बाबूजई, खलीलशर्की, गौहरपुरा, रेयान स्कूल,तारीन गाड़ीपुरा, दलेलगंज, रेती, तारीन बहादुरगंज,अन्टा, बृज बिहार कालोनी, गुरूकुल स्कूल, आकांक्षा स्कूल,बाबूजई, मोहम्मदजई, रैन बसेरा, बीएस0 पब्लिक स्कूल,पालिटेक्निक कॉलेज,मुमुक्ष आश्रम,बच्चा जेल,नगर निगम परिसर,रोडवेज, आदि में कराया गया। इस अभियान को सफल बनाने हेतु नगर निगम द्वारा अपने सभी संसाधनो का उपयोग किया जा रहा नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत नागरिको को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु पाइप लाइनो की टूट–फूट की मरम्त एवं जल रिसाव वाले स्थानो को चिन्हित करते हुये उनकी मरम्मत कराने एवं समय–समय पर जल शुद्धीकरण के लिये दवाओ का प्रयोग किये जाने हेतु महाप्रबन्धक (जल) को निर्देश दिये गये है। नगर आयुक्त महोदय वातावरणीय तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के उपायो के अन्तर्गत खुले में शौच न करने शुद्ध पेयजल के प्रयोग तथा मच्छरो की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान संचालित करने हेतु नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया साथ ही सामुदायिक शौचालय,पब्लिक टॉयलेट आदि की समुचित सफाई एवं रख रखाव सुनिश्चित करने के लिये नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया।

Generated by CamScanner

नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर में बन्द पड़ी लाईटो को सही कराये जाने हेतु ,शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने हेतु,खराब हैन्डपम्पो को रिबोर कराये, ,टंकियो तथा टैंकरो की सफाई कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देशित किया गया।नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम के सभी अधिकारियो/कर्मचारियो को निर्देशित किया कि शहर स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक नाले/नालियों की सफाई कार्ययोजमा के अनुसार सुनिश्चित करें। इस अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 31.07.2020 को आवास विकास कालोनी,तारीन टिकली,बीबीजई चौराहा,बाला तिराही में सफाई का कार्य एवं कूड़ा उठाने तथा दवा का छिड़काव कराया गया। । नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा आज दिनांक 31.07.2020 को अभियान के जलापूर्ति की पाइपो के लीकेज की समस्या तत्काल दूर की जा रही है। प्रर्वतन दल के माध्यम से प्रतिदिन अभियान चलाकर प्रतिबन्धित पालीथीन से निर्मित वस्तुओ को सीज करने तथा जुर्माना लगाने का कार्य भी किया जा रहा है ध्वनि विस्तारण के माध्यम से नियिमत रूप से हाथ धोने,मास्क लगाने,दो गज की दूरी रखने तथा संक्रमण के बचाव का उपाय बताते हुये लोगो को जागरूक किया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार कन्टेनमेन्ट जोन में वेरीकेटिंग लगाने के साथ–साथ प्रतिदिन साफ–सफाई, सेनेटाईजेशन, फागिंग, कीटनाशक का छिड़काव एवं कूड़े निस्तारण का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा जनता से अपील की है कि नगर में बिना किसी कार्य के बाहर न निकले, मास्क का प्रयोग करे, अपनी सुरक्षा हेतु हाथ धोने,सेनेटाइजेंशन और 02 गज दूरी बनाये रखने हेतु।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहाँपुर

Generated by CamScanner